प्रीलिम्स फैक्ट्स: 10 जून, 2020

- चैलेंजर गर्त
- डेक्कन क्वीन
- देहिंग पटकाई एलीफेंट रिज़र्व
- केमैन द्वीप

चैलेंजर गर्त

Challenger Deep

7 जून, 2020 को अंतरिक्ष यात्री एवं समुद्र विज्ञानी काथी सुल्लीवन (Kathy Sullivan) इतिहास में पहली महिला एवं पाँचवीं व्यक्ति बन गईं, जो महासागरों में सबसे गहरे तल तक पहुँची हैं जिसे मारियाना ट्रेंच में चैलेंजर डीप/गर्त (Challenger Deep) कहा जाता है।



प्रमुख बिंदु:

- काथी सुल्लीवन वर्ष 1984 में अंतरिक्ष में जाने वाली पहली अमेरिकी महिला थीं।
- 'नेशनल ओशनिक एंड एटमास्फेयरिक एडमिनिस्ट्रेशन' (NOAA) के अनुसार, महासागर की औसत गहराई लगभग 12,100 फीट है और इसके सबसे गहरे हिस्से को चैलेंजर गर्त कहा जाता है जो पश्चिमी प्रशांत महासागर की सतह के नीचे स्थित है। यह लगभग 36,200 फीट गहरा है।
- चैलेंजर गर्त पश्चिमी प्रशांत महासागर में मारियाना द्वीप समूह के पास मारियाना ट्रेंच के दक्षिणी छोर पर स्थित है।

'नेशनल ओशनिक एंड एटमास्फेयरिक एडमिनिस्ट्रेशन' (NOAA):

- यह संयुक्त राज्य अमेरिका के वाणिज्य विभाग के भीतर एक अमेरिकी वैज्ञानिक एजेंसी है।

- यह महासागरों, प्रमुख जलमार्गों एवं वातावरण की स्थितियों पर अपना ध्यान केंद्रित करता है।

डेक्कन क्वीन

Deccan Queen

डेक्कन क्वीन (Deccan Queen) दो महत्त्वपूर्ण शहरों (पुणे एवं मुंबई) के लिये शुरू की गई पहली डीलक्स ट्रेन थी और इसका नाम (डेक्कन क्वीन-Deccan Queen) पुणे के नाम पर रखा गया है जिसे 'क्वीन ऑफ डेक्कन' के रूप में भी जाना जाता है।

प्रमुख बिंदु:

- डेक्कन क्वीन का परिचालन 1 जून, 1930 को शुरू किया गया था इसलिए प्रत्येक वर्ष 1 जून को इसकी सालगिरह मनाई जाती है।
- इस ट्रेन के नाम कई रिकॉर्ड दर्ज हैं जिसमें भारत की पहली सुपरफास्ट ट्रेन, पहली लंबी दूरी की इलेक्ट्रिक ढुलाई ट्रेन, 'पहली महिला-स्पेशल ट्रेन' और 'डाइनिंग की सुविधा प्रदान करने वाली पहली ट्रेन' शामिल है।
- इसे सेंट्रल रेलवे के अग्रदूत 'ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे' (Great Indian Peninsula Railway- GIPR) द्वारा शुरू किया गया था।
- यह मुंबई और पुणे के बीच चलती है।

देहिंग पटकाई एलीफेंट रिज़र्व

Dehing Patkai Elephant Reserve

हाल ही में असम के देहिंग पटकाई में कोयला खनन से संबंधित मुद्दे के कारण देहिंग पटकाई एलीफेंट रिज़र्व (Dehing Patkai Elephant Reserve) की सोशल मीडिया पर काफी चर्चा हुई।

प्रमुख बिंदु:

- **यह रिज़र्व तब सुर्खियों में आया जब 'नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ' (NBWL) ने 'नार्थ ईस्ट कोल फील्ड' (NECF) कंपनी द्वारा खनन के लिये 57.20 हेक्टेयर के 'सल्की प्रपोज़्ड रिज़र्व फारेस्ट' के उपयोग के प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी जो देहिंग पटकाई एलीफेंट रिज़र्व के भीतर है।**
- असम के देहिंग पटकाई एलीफेंट रिज़र्व (Dehing Patkai Elephant Reserve) को न केवल राज्य में बल्कि पूरे देश के सबसे अधिक पारिस्थितिकि रूप से समृद्ध क्षेत्रों में से एक माना जाता है।
- देहिंग पटकाई वन्यजीव अभयारण्य असम के डिब्रूगढ़ एवं तिनसुकिया ज़िलों में स्थित है और यह 111.19 वर्ग किमी. वर्षावन वाले क्षेत्र को कवर करता है।
- इसे जून 2004 में एक अभयारण्य घोषित किया गया था। यह देहिंग पटकाई वर्षावन वाले क्षेत्र में स्थित है।
- हाथियों के आवास के महत्त्व को देखते हुए देहिंग पटकाई वन्यजीव अभयारण्य और देहिंग पटकाई वर्षा वनों के एक हिस्से को '**प्रोजेक्ट एलीफेंट**' के तहत देहिंग पटकाई हाथी अभ्यारण्य घोषित किया गया।
  - भारत सरकार द्वारा 'प्रोजेक्ट एलीफेंट' की शुरुआत वर्ष 1992 में एक केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में की गई थी।
  - इसका उद्देश्य हाथियों के आवास की रक्षा करना, मानव-पशु संघर्ष की समस्याओं को हल करना तथा पालतू हाथियों का कल्याण करना था।
- इस रिज़र्व में स्तनधारियों की 50 से अधिक प्रजातियाँ और असम के राज्य पक्षी [व्हाइट विंग्ड वुड डक (White-Winged Wood Duck)] सहित पक्षियों की लगभग 359 प्रजातियाँ पाई जाती हैं।
  - व्हाइट विंग्ड वुडडक (White-Winged Wood Duck) को अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (International Union for Conservation of Nature-IUCN) की रेड लिस्ट में **गंभीर संकटग्रस्त** (Critically Endangered) श्रेणी में रखा गया है।

केमैन द्वीप

Cayman Island

उद्योग संवर्द्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (Department for Promotion of Industry and Internal Trade- DPIIT) के अनुसार केमैन द्वीप (Cayman Island) भारत में पाँचवें सबसे बड़े निवेशक के रूप में उभरा है।

प्रमुख बिंदु:

- इस द्वीप से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश वर्ष 2019-20 में तीन गुना से बढ़कर 3.7 बिलियन डॉलर हो गया है जो वर्ष 2018-19 में $1 बिलियन और वर्ष 2017-18 में $1.23 बिलियन था।
- गौरतलब है कि साइप्रस से भारत आने वाला प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी वर्ष 2018-19 में $296 मिलियन की तुलना में लगभग तीन गुना बढ़कर वर्ष 2019-20 में $879 मिलियन हो गया है। वर्ष 2017-18 में यह निवेश 417 मिलियन डॉलर था।

केमैन द्वीप (Cayman Island):

- केमैन द्वीप (Cayman Island) पश्चिमी कैरेबियन सागर में एक स्वायत्त ब्रिटिश प्रवासी क्षेत्र है।
- 264 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले इस द्वीप में ग्रैंड केमैन, केमैन ब्राक और लिटिल केमैन नामक तीन द्वीप शामिल हैं।
- यहाँ का राजधानी शहर जॉर्ज टाउन है जो ग्रैंड केमैन द्वीप पर स्थित है जो तीन द्वीपों में सबसे अधिक आबादी वाला है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-10-june-2020